राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**<u>महाराणा प्रताप व गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित,
20 सितम्बर तक किये जा सकेंगे आवेदन</u>**

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा राज्य के विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और ऐसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों के लिए क्रमशः महाराणा प्रताप व गुरू वशिष्ठ अवॉर्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव श्री नारायण सिंह ने बताया कि खेल परिषद् ने वर्ष 2014–15 व 2015–16 के लिए महाराणा प्रताप और वर्ष 2014–15 व 2015–16 के लिए ही गुरू वशिष्ठ पुरस्कार दिया जाना तय किया है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। महाराणा प्रातप एवं गुरू वशिष्ठ पुरस्कार के आवेदन फॉर्म क्रीड़ा परिषद् की वेबसाइट www.rssc.in से अथवा समस्त जिला खेल अधिकारियों के कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ओलंपिक संघ, राज्य खेल संघ और जिला खेल अधिकारियों के माध्यम से ही निर्धारित प्रपत्र में परिषद् की वैबसाइट पर उपलब्ध नियमानुसार योग्यता पूर्ण करने वाले खिलाड़ी व प्रशिक्षक अपना आवेदन सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर पर 20 सितंबर तक दे सकते हैं।